प्रेषक,

निदेशक,
नगरीय निकाय, उ0प्र0
8वाँ तल, इन्दिरा भवन,
लखनऊ।

सेवा में,

1—समस्त सम्बन्धित नगर आयुक्त,
नगर निगम, उ0प्र0।

2—समस्त सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत,उ0प्र0।
द्वारा—जिलाधिकारी,

पत्रांकःपी0एम0यू0 / 41 / 412 / एस0बी0एम0 / 2015 दिनांक 15 मई 2015

विषय— शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित "स्वच्छ भारत मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के प्रत्येक नगर निकाय क्षेत्र में दिनांक 4 मई—8 मई, 2015 की अवधि में "स्वच्छ भारत मिशन सप्ताह" मनाये जाने हेतु निर्धारित किये गये कार्यक्रम के संबंध में वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या—पी0एम0यू0 / 25 / 412 / एस0 बी0 एम0 / 2015 दिनांक 1.5.2015 एवं पत्रांकःपी0एम0यू0 / 37 / 412 / एस0बी0एम0 / 2015 दिनांक 13 मई 2015 के साथ संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक(एस0बी0एम0), शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या—शून्य दिनांक 30.4.2015 की प्रति संलग्न करते हुए, अपेक्षा की गई थी कि भारत सरकार के उपरोक्त पत्र दिनांक 30.4.2015 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार" स्वच्छ भारत मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर निकाय क्षेत्र में दिनांक 4 मई —8 मई 2015 की अवधि में "स्वच्छ भारत मिशन सप्ताह" मनाया जाये। इसी क्रम में यह भी अपेक्षा की गई थी कि भारत सरकार को 12.5.2015 को वीडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से उपरोक्त कार्यवाही से अवगत कराने की आवश्यकता के प्रिरिप्रेक्ष्य में वांछित सूचना निम्नलिखित प्रारूप पर 11.5.2015 तक निश्चित रूप से ई—मेल diruplb2012@gmail.com पर उपलब्ध करायी जानी सुनिश्चित की जाये—

Name of the ULB/District	No of applications received	No of applications found eligible	No of households for which saction orders issued	No of cases where 1st Instalment as advance released
1	2	3	4	5
Date:			Name of Authorized Officer Disignation of Authorized Officer	

दिनांक 11.5.2015 तक मात्र 38 नागर निकायों (सहारनपुर, मुरादाबाद, अलीगढ, आगरा, बरेली, झांसी, गढमुख्तेश्वर, तिलहर, धामपुर, नजीबाबाद, डिबाई, अनूपशहर, जहांगीराबाद, स्याना, बीसलपुर, उन्नाव, सम्भल, नौतनवॉ, शिकोहाबाद, छिबरामऊ, मथुरा, रामपुर, बुगरासी, इल्फितगंज, छपरौली, मछलीशहर, कुरसट, मौरावां, मोहान, न्योतनी, औरास,

गंजमुरादाबाद, पूरवा, बिसन्डा, पूरनपुर, सलेमपुर, अग्रवाल मण्डी टटीरी व कॉठ) द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध करायी गयी है। कतिपय नागर निकायों द्वारा प्रेषित ''शून्य'' सूचना सम्बन्धित नागर निकाय द्वारा उपर्युक्त कार्यक्रम को गम्भीरतापूर्वक न लिये जाने का द्योतक है।

2. पुनः दिनांक 11.5.2015 को शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित वीडियो कान्फ्रेन्स में उपरोक्त सूचना दिनांक 19.5.2015 को प्रस्तावित वीडियो कान्फ्रेन्सिग के समय उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा के दृष्टिगत उपर्युक्त प्रारूप पर अद्यतन विवरण जो कि पत्रांकः पी0एम0यू0 / 37 / 412 / एस0बी0एम0 / 2015 दिनांक 13 मई 2015 के अनुसार 18.5.2015 अपरान्ह 2.00 बजे तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे, के स्थान पर यह सूचना **दिनांक 16.5.2015 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निश्चित रूप से इस कार्यालय के उपरिलिखित ई–मेल व इस हेतु निर्धारित प्रारूप** पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। यदि उक्त तिथि को भी आप द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तो उसे अत्यंत गम्भीरता से लेते हुए अपके विरूद्ध प्रतिकूल संज्ञान लिया जायेगा।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही समयबद्ध रूप से कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अविनाश कृष्ण सिंह)
निदेशक

संख्या एंव दिनांक तदैव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक(यू0डी0) शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार निर्माण भवन, नई दिल्ली 110000 को ई–मेल द्वारा सूचनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, नगर विकास विभाग (अनुभाग–5), उ0प्र0 शासन, लखनऊ ।
3. जूनियर प्रोग्रामर, निदेशालय को इस पत्र को संलग्नक सहित निदेशालय के वेबसाइट पर अपलोड करने तथा सम्बन्धित को ई–मेल द्वारा प्रेषित करने हेतु।

15/5/15

(अविनाश कृष्ण सिंह)
निदेशक